Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 7:00 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 5:36 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 71 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 2 सितम्बर 2024



अल्फा की शूटिंग पूरी कर वापस...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### रुद्रपुर व्यापार मंडल का कल नेशनल हाईवे की कार्यप्रणाली के खिलाफ प्रदर्शन

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने नेशनल हाईवे की कार्यप्रणाली के खिलाफ प्रदर्शन करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि शहर के सबसे व्यस्त डीडी चौक जहाँ से न केवल हज़ारों लोग गुजरते है बल्कि जिला मुख्यालय के लगभग सभी अधिकारी भी गुजरते है। मगर डीडी चौक पर खोद कर डाले गए ये गड्ढे न तो किसी अधिकारी को दिखता है और न हीं संबंधित अथॉरिटी यानी नेशनल हाईवे के अधिकारियो को। यहां पर जाम लगा रहता है। पैदल निकलना दूभर हो गया है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। विभागीय अधिकारियों ने गड्ढे खोद कर दुर्घटना को दावत देने का काम रहे। व्यापार मंडल कल यानी 3 सितंबर को डीडी चौक पर नेशनल हाईवे की कार्यप्रणाली के खिलाफ प्रदर्शन करेगा।

### आप विधायक अमानतुल्लाह खान गिरफ्तार, ईडी ने आवास पर मारा था छापा

**नई दिल्ली।** दिल्ली से आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान के घर पर आज सुबह प्रवर्तन निदेशालय की टीम पहुंची। जहां घटों तलाशी करने के बाद उन्हें ईडी गाड़ी में लेकर चली गई है। आम आदमी पार्टी के ओखला से विधायक अमानतुल्लाह खान के घर पर सोमवार सुबह ईडी की टीम पहुंची। उन्होंने एक्स पर पोस्ट साझा कर जानकारी दी। जानकारी मिली है कि ईडी की टीम घंटों तलाशी के बाद अमानतुल्लाह को गिरफ्तार कर लिया है। तलाशी अभियान के बाद ईडी विधायक को अपने साथ लेकर गई। है। वहीं आप पार्टी का दावा है कि अमानतुल्लाह को हिरासत में लिया गया है। अपनी गिरफ्तारी को लेकर उन्होंने पहले ही एक्स पर पोस्ट साझा किया था। आप विधायक अमानतुल्लाह खान ने कहा कि ईडी के लोग मेरे आवास पर सर्च वॉरंट के नाम पर मुझे अरेस्ट करने आए हैं।

## जम्मू में सुंजवां आर्मी कैंप पर फायरिंग, एक जवान घायल

जम्मू
एजेंसी



जम्मू के सुंजवां आर्मी कैंप के पास सुरक्षा बलों ने एक बड़ा एंटी-टेरर ऑपरेशन शुरू किया है। संदिग्ध आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सेना ने तुरंत कार्रवाई की और फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान इलाके की घेराबंदी की जा रही है और व्यापक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। फायरिंग की घटना में अभी तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। घटनास्थल पर अतिरिक्त बल भी तैनात किया गया है। इस घटना ने क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है और जांच के लिए उच्च स्तरीय दल घटनास्थल पर पहुंच रहे हैं। प्रशासन ने स्थानीय निवासियों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत सुरक्षा बलों को दें।

### शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शन कर रहे किसानों की मांग पर शीर्ष कोर्ट ने गठित की समिति

**नई दिल्ली।** शंभू सीमा पर विरोध कर रहे किसानों की शिकायतों को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने समिति का गठन किया है। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि इस समिति की अध्यक्षता पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति नवाब सिंह करेंगे। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने इस कमेटी को एक सप्ताह के भीतर बैठक बुलाने का निर्देश दिया है।



डीटीसी कर्मचारियों से राहुल गांधी की मुलाकात का वीडियो साझा

## न ही स्थिर आय और न स्थाई नौकरी राहुल गांधी ने दिल्ली सरकार को घेरा

नई दिल्ली
एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी का दिल्ली नगर निमग के कर्मचारियों से बातचीत का एक वीडियो पार्टी के आधिकारिक एक्स पर साझा किया गया है। जिसमें उन्होंने दिल्ली सरकार को घेरा है।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को डीटीसी कर्मचारियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को जाना। राहुल गांधी ने मुलाकात के बाद कहा कि जो लोग हर रोज लाखों यात्रियों की यात्रा को सुगम बनाते हैं, उन्हें बदले में सिर्फ अन्याय ही मिला है। बीते हफ्ते दिल्ली परिवहन सेवा (डीटीसी) के कर्मचारियों के साथ बातचीत की थी। बस यात्रा का वीडियो साझा करते हुए राहुल गांधी ने एक्स पर कहा कि डीटीसी कर्मचारी सरकार से पूछ रहे हैं कि अगर वे स्थायी नागरिक हैं, तो उनकी नौकरी अस्थायी क्यों है। आगे कहा कि कुछ दिन पहले, दिल्ली में एक सुखद बस यात्रा के बाद मैंने डीटीसी कर्मचारियों के साथ बातचीत की और उनकी दिनचर्या और समस्याओं के बारे में जाना। उन्होंने बताया कि कोई सामाजिक सुरक्षा नहीं है। कोई स्थिर आय नहीं और कोई स्थायी नौकरी नहीं। संविदा श्रम ने बड़ी जिम्मेदारी वाली नौकरी को मजबूरी में बदल दिया है। कुछ दिनों पहले दिल्ली में एक सुखद बस यात्रा के अनुभव के साथ डीटीसी कर्मचारियों से संवाद कर उनके दिनचर्या और समस्याओं की जानकारी ली। न सामाजिक सुरक्षा, न स्थिर आय और न की स्थाई नौकरी – कंट्रक्टूअल मजदूरी ने एक बड़ी ज़िम्मेदारी के काम को मजबूरी के मुकाम पर पहुंचा दिया है।



राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि कर्मचारियों ने बताया कि न सामाजिक सुरक्षा, न स्थिर आय और न की स्थाई नौकरी है। कॉन्ट्रैक्ट मजदूरी ने एक बड़ी ज़िम्मेदारी के काम को मजबूरी के मुकाम पर पहुंचा दिया है। आगे कहा कि जहां ड्राइवर और कंडक्टर अनिश्चितताओं के अंधेरों में जीने पर विवश हैं। वहीं यात्रियों की सुरक्षा में निरंतर तैनात होमगार्ड्स छह महीनों से वेतनहीन हैं।

## नाबालिग से अश्लील हरकत करने वाला युवक देर रात बिजनौर से गिरफ्तार, आज भी बंद रहेगा नंदप्रयाग बाजार

चमोली
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में चमोली जिले के नंदानगर में नाबालिग लड़की से अश्लील हरकत करने को लेकर हंगामा हो गया था। देर रात पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उत्तराखंड में चमोली जिले के नंदानगर (घाट) में नाबालिग लड़की से अश्लील हरकत करने वाला युवक आरिफ पुलिस ने देर रात बिजनौर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने युवक के अन्य संभावित ठिकानों पर भी दबिश दी, जिसके लिए इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद ली। इसके बाद युवक को बिजनौर से गिरफ्तार कर लिया गया। उसे चमोली लाया जा रहा है। पहले उसका मेडिकल कराया जाएगा। मामले को लेकर नंदानगर बाजार आज भी बंद रहेगा। नगर में शांति व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। उत्तराखंड में चमोली जिले के नंदानगर (घाट) में नाबालिग लड़की से अश्लील हरकत करने को लेकर हंगामा हो गया। बताया जा रहा है कि अश्लील हरकत करने वाला आरोपी दूसरे समुदाय का है। वह नाई का काम करता है। जिसके चलते आक्रोशित लोगों और व्यापारियों ने नगर में जुलूस निकाला। साथ ही कई दुकानों में तोड़फोड़ की। घटना के बाद से लोगों में भारी आक्रोश है। वहीं, मामले को देखते हुए भारी पुलिस फोर्स तैनात है। एसपी सर्वेश पंवार मौके पर पहुंचे हैं। घटना दो दिन पहले की बताई जा रही है।



## ईडी ऑफिस पहुंचे पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत, पाखरो रेंज घोटाला मामले में पूछताछ के लिए बुलाया

देहरादून
हमारे संवाददाता

पाखरो रेंज घोटाला मामले में ईडी ने आज सोमवार को पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत को बुलाया था। इसी मामले में गत 14 अगस्त को सीबीआई भी रावत से पूछताछ कर चुकी है।

पाखरो रेंज घोटाले के मामले में पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत आज ईडी ऑफिस पहुंचे। पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। पाखरो रेंज घोटाले के मामले में वर्ष 2022 में विजिलेंस के हल्द्वानी सेक्टर में मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में तत्कालीन कुछ अधिकारियों (जिनमें पूर्व डीएफओ किशनचंद भी शामिल थे) को गिरफ्तार भी किया गया था। विजिलेंस ने पिछले साल अगस्त में विजिलेंस ने हरक सिंह रावत और उनके परिचितों के संस्थानों पर छापे मारे थे। बताया गया था कि यहां एक पेट्रोल पंप पर सरकारी जनरेटर बरामद हुआ था। हालांकि, जांच अभी और आगे बढ़ती इससे पहले ही हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई को जांच सौंप दी गई। विजिलेंस ने इस केस से जुड़े सभी दस्तावेज सीबीआई को सौंप दिए थे। इसी बीच ईडी ने भी इसका संज्ञान ले लिया। गत फरवरी 2024 में ईडी ने भी हरक सिंह रावत के घर और इससे जुड़े कुछ अधिकारियों के घरों पर छापे मारे थे। हरक सिंह के यहां से कुछ भी बरामद होने की सूचना नहीं थी। जबकि, एक अधिकारी के घर से कैश व अन्य सामान बरामद हुआ था।

### बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा- आप किसी का घर कैसे गिरा सकते हैं?

**नई दिल्ली।** विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा किए जा रहे बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त नाराजगी जाहिर की है। एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि क्या कोई किसी का भी घर सिर्फ इसलिए तबाह कर सकता है, क्योंकि वह आरोपी है? विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा किए जा रहे बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त नाराजगी जाहिर की है। एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि क्या कोई किसी का भी घर सिर्फ इसलिए तबाह कर सकता है, क्योंकि वह आरोपी है? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर कोई आरोपी दोषी भी पाया जाता है तो उसका घर बिना तय कानून के तबाह नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह किसी भी अवैध निर्माण को संरक्षण नहीं देगा।

## जिले में शिक्षकों की हड़ताल से 200 विद्यालयों में पढ़ाई ठप

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

प्रधानाचार्य सीधी भर्ती परीक्षा को निरस्त करने और प्रधानाचार्य के पद पर शत प्रतिशत पदोन्नति किये जाने जैसी मांगों को लेकर राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखंड के आह्वान पर प्रदेश भर में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में चाकडाउन हड़ताल की गई। इसके चलते नैनीताल जिले में 200 विद्यालयों में शिक्षण कार्य ठप रहा।

राजकीय शिक्षक संघ ने चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया है। इस क्रम में आज सोमवार को प्रदेशभर के हजारों राजकीय शिक्षक चॉक डाउन हड़ताल पर रहे। राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विवेक पांडे ने बताया कि हड़ताल के चलते जिलेभर में करीब 200 माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षण कार्य प्रभावित रहा। वहीं रामनगर ब्लाक में भी चॉक डाउन हड़ताल का जबर्दस्त असर देखा गया। सभी राजकीय हाईस्कूल, इंटरमीडिएट कालेज में शिक्षण कार्य बाधित रहा। संगठन के प्रांतीय नेता नवेंदु मठपाल ने बताया कि विभागीय अधिकारियों और सरकार की हठधर्मिता के कारण शिक्षक संघ को मजबूरन यह फैसला लेना पड़ा। उन्होंने बताया कि यदि आज की हड़ताल के बाद भी सरकार उनकी मांग के प्रति गंभीर नहीं हुई तो पांच सितंबर को शिक्षक दिवस पर शिक्षक काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन करेंगे। 6 सितंबर को जिला मुख्यालय में सभी शिक्षक अपने व्यक्तिगत अवकाश लेकर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। 9 सितंबर को प्रांतीय और मंडल कार्यकारिणी देहरादून निदेशालय में धरना प्रदर्शन करेगी। 10 सितंबर से देहरादून निदेशालय में क्रमिक अनशन जनपदवार आयोजित किया जाएगा, जो 13 सितंबर तक चलेगा। 14 सितंबर से देहरादून मुख्यालय पर आमरण अनशन शुरू कर दिया जायेगा।



### हड़ताल के दौरान जनगीत पेश किए

रामनगर के ढेला इंटर कालेज में हड़ताली शिक्षकों ने नारेबाजी की। इस दौरान हीरा सिंह राणा, गिर्दा, बल्ली सिंह चीमा के जनगीत भी प्रस्तुत किए। जनगीतों के वक्त संस्कृत प्रवक्ता महेंद्र आर्य ने हारमोनियम और हरीश चंद्र ने ढोलक पर संगत की।

# भाजपा राज में देवभूमि की अस्मिता खतरे में: माहरा

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने प्रेसवार्ता कर प्रदेशवासियों से भाजपा नेताओं से चेली-ब्वारी बचाने का आह्वान किया। करन माहरा ने कहा कि भाजपा राज में देवभूमि की अस्मिता खतरे में पड़ गयी है। बेटी बचाओ का नारा देने वाले ही बेटियों को नोच रहे है। महिलाओं के साथ अपराध के मामलों में हिमालयी राज्यो मे उत्तराखंड पहले स्थान पर है। महिला अपराध साल दर साल बढ़ रहे है, जिसमें भाजपा नेताओं का भी सहयोग है। ये धामी सरकार की मुख्य उपलब्धि है। विगत 2 माह में ही नैनिताल जिले के हल्द्वानी और रामनगक्षेत्रो में ही 24 से अधिक महिला अपराध से जुड़े मामले मीडिया के माध्यम से उजागर हुवे है तो सोचिए पूरे प्रदेश का क्या हाल होगा। करन माहरा ने कहा कि उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जाँच क्यो नही हो रही, क्यो 1 साल बीत जाने के उपरांत भी अंकिता न्याय से वंचित है। समय रहते अंकिता



हत्याकांड की सीबीआई जाँच होती और वीवीआईपी व्यक्ति का नाम सामने आ जाता तो कई भाजपा के सफेदपोश नेताओ के नाम सार्वजनिक होते। अंकिता भंडारी सहित ऐसे सैकड़ो मामले है जो न्याय की राह देख रहे है। महिला अपराधों पर भाजपा का दोहरा नजरिया और राजनीति बिल्कुल सही नही है। दोषियों पर सख्त कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित हो। प्रदेश में महिलाओं पर बढ़ते अपराधों पर भाजपा महिला मोर्चा का चुप रहने पर अफसोस व्यक्त करते हुवे करन माहरा जे कहा कि भाजपा महिला नेत्रियां निर्भया केस के समय सड़क पर उतर कर जोरदार विरोध प्रदर्शन कर रही थी अब जब भाजपा नेताओं पर ही महिला उत्पीड़न के आरोप साबित हो रहे है उस पर महिला नेत्रियां मौन उपवास पर चली गयी है और जब मैं प्रदेश की अस्मिता के लिए पदयात्रा निकालता हु तो यही महिला मोर्चा पुतले दहन कर मौन उपवास तोड़ देता है, जो काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रदेश की कानून व्यवस्था बेदम है। अपराधियों के हौसले बुलंद है। देवभूमि अपराधियों की ऐशगाह बन कर रह गयी है। खुले आम दिनदहाड़े, डकैती, लूटपाट और हत्याएं, बलात्कार किये जा रही है। कानूनी कार्यवाही में देरी और ढिलाई से अपराधियों के हौसले बुलंद है। उधमसिंह नगर नर्स हत्याकांड प्रकरण पर एसएसपी उधमसिंह नगर के बयान पर आपत्ति दर्ज करते हुवे करन माहरा ने कहा कि जब कानून के रक्षक ही इस प्रकार की बाते करने लग जाये तो विकृत मानसिकता के लोगो को बल मिलेगा ही। जिम्मेदार पुलिस अधिकारी बेतुके बयान दे कर अपनी जिम्मेदारी से मुँह नही मोड़ सकते। मुख्यमंत्री धामी इस मामले का तुरंत संज्ञान ले एसएसपी उधमसिंह नगर को जवाब तलब करे और उनसे सार्वजनिक माफी मंगवाए।

## संदिग्ध हालात में नवविवाहिता का जंगल में मिला शव

**अल्मोड़ा।** स्याल्दे के कैलानी में स्थित सोलर प्लांट से लगे जंगल में एक नवविवाहिता का शव संदिग्ध हालात में मिला है। सूचना मिलने के बाद तहसील प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसका पंचनामा भर दिया गया है। शव को सोमवार को पोस्टमार्टम के लिए रानीखेत भेजा जाएगा। स्याल्दे ब्लॉक के देघाट से लगे जैखाल के तोक गहटदुआ निवासी पूजा (23) पुत्री बालम सिंह का विवाह करीब 6 महीने पहले हरीश किरौला निवासी बुराड़ी दिल्ली के साथ हुआ था। इन दिनों पूजा अपने मायके आई हुई थी। जन्माष्टमी के दिन पूजा पूजा शिवालय में जल चढ़ाने के लिए कफलटाना गई हुई थी लेकिन वहां से नहीं लौटी। परिजनों ने पूजा की गुमशुदगी की रिपोर्ट देघाट थाने में लिखवाई थी। जिसके बाद से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। रविवार की देर शाम कैलानी में लगे सोलर प्लांट के कर्मचारियों ने जंगल में एक शव पड़ा देखा। जिसकी जानकारी तहसील और पुलिस प्रशासन को दी।



# 60वें दिन भी संयुक्त कर्मचारी महासंघ केएमवीएन आंदोलन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊँ मंडल विकास निगम का 60वें दिन भी नियमितीकरण और वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर पर्यावरण संरक्षण की तरह चलाया जा रहा अनूठा आंदोलन जारी रहा। महासंघ के अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि निगम कर्मचारियों ने रविवार को तीसरे चरण के पौधारोपण और स्वच्छता कार्यक्रम के तहत कुमाऊं मंडल विकास निगम की सभी इकाइयों के परिसर में विभिन्न प्रजातियों के सैकड़ों पौधों का रोपण किया। इसी क्रम में पलेटा स्थित धूसाखान शिव मंदिर परिसर में उनके नेतृत्व में विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए गए। उन्होंने कहा कि महासंघ के महामंत्री कंचन चंदोला तथा उपाध्यक्ष पीतांबर दुमका व गौतम कुमार तथा रमेश कपकोटी समेत महेश कुमार दास के नेतृत्व में पौधारोपण कार्यक्रम चलाया गय।

इधर दिनेश गुरु रानी ने कहा सोमवार (आज) को महासंघ की निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप तिवारी से वार्ता होनी है। उन्होंने कहा कि 5 सितंबर को होने वाली निदेशक मंडल की बैठक में अगर वेतन बढ़ोतरी संबंधी निर्णय नहीं लिया जाता है तो 6 सितंबर से निगम मुख्यालय नैनीताल में क्रमिक अनशन प्रारंभ कर दिया जाएगा।

# समाज में महिलाओं से छेड़छाड़ के आरोपी दरिंदों को तुरंत फांसी की सजा हो: खष्टी बिष्ट

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने वर्तमान में देश व प्रदेश में महिलाओं के साथ तेजी से बढ़ रही आपराधिक घटनाओं को बेहद गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की आबरु के साथ खिलवाड़ करने वाले समाज के दरिंदों को तुरंत फांसी की सजा होनी चाहिए।

उन्होंने भाजपा की डबल इंजन सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि आंखों पर पट्टी बांधे लोकतंत्र को हांकने वाली सरकार मानवता से इतनी ऊपर उठ गई है कि न तो उसे महिलाओं की तकलीफें दिखाई देती हैं और ना ही बच्चियों की चीखें। बोली कि संवेदनहीनता के कलयुगी रथ पर सवार भाजपा के नुमाइन्दे देवभूमि उत्तराखंड में बहन-बेटियों के जिस शोषण की घृणित पटकथा रच रहे हैं उससे मानवता शर्मसार हो रही है, परंतु आंखों पर रंगीन चश्मा पहने सरकार कार्यवाही करना तो दूर उल्टे उनका संरक्षण कर रही है। बोली कि धिक्कार है ऐसी सरकार पर जो गुनहगारों के बचाव में साक्ष्य मिटाती है तथा जनता को गुमराह करती है और अपराधियों को पोषित करती है। बिष्ट ने कहा कि जहां एक ओर दुनिया के विकसित देशों में महिलाएं कंधे से कंधा मिलाकर विकास की बयार बहा रही है वहीं देश में भाजपा के बेलगाम नेता और कार्यकर्ता बहन-बेटियों के बलात्कार जैसे संगीन जुर्म को अंजाम दे रहे हैं और नारीत्व को शर्मसार कर रहे हैं, इतना ही नहीं उनकी हत्या कर लावारिस फेंक रहे हैं परंतु ये गूगी बहरी सरकार न्याय करने की जगह लीपा पोती कर मामले दबा रही है। कहा कि अंकिता भंडारी को न्याय मिला नहीं, रुद्रपुर में न्याय की मांग करने वालों पर मित्र पुलिस ने घिनौना रूप दिखाया वहीं सल्ट (अल्मोड़ा) में भाजपा मंडल अध्यक्ष ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया और ताजातरीन घटनाक्रम का हवाला दें तो 31 अगस्त को बिंदुखत्ता की विधवा महिला के साथ दुष्कर्म की घटना हुई और पुलिस मामले को रफ ा दफ ा करने की फि राक में है।

## NEWS / फटाफट

### सेंट मेरी कॉन्वेंट कॉलेज के नाम रहा फुटबॉल टूर्नामेंट

**नैनीताल** । डीएसए द्वारा आयोजित तथा भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय व कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा प्रायोजित प्रथम अंतर विद्यालय बालिका फुटबाल टूर्नामेंट के अंतर्गत रविवार को दो मैच खेले गए। बता दें कि पहले मैच में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नैनीताल को सैनिक स्कूल घोड़ाखाल की टीम न आने से वाक ओवर मिला वहीं दूसरे व अंतिम मैच में सेंट मेरी कॉन्वेंट कॉलेज की टीम ने मोहनलाल साह बालिका विद्या मंदिर की टीम को शून्य के मुकाबले दो गोल से हराया। रेफरी तेनजिंग एवं जनक तथा बहादुर बिष्ट रहे। इस दौरान मैच डीएसए के महासचिव अनिल गढिया, सैनिक स्कूल के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता, फुटबॉल सचिव पवन खड़ायत के साथ ही डॉ. मनोज सिंह बिष्ट,संयुक्त सचिव भुवन बिष्ट, बॉलीवाल सचिव पंकज बर्गली तथा धर्मेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे ।

### जनता को अस्पताल में लिप्ट नहीं बल्कि इलाज चाहिए: साह

**नैनीताल।** जनहित संगठन के वरिष्ठ सदस्य अशोक साह ने कहा है कि नैनीताल की जनता को राजकीय बीडी पाण्डे जिला अस्पताल में लिप्ट नहीं बल्कि इलाज चाहिये। साह ने कहा कि जिला अस्पताल की अव्यवस्थाओं के सम्बन्ध में उन्हें उच्च न्यायालय की शरण में भी जाना पड़ा था। साह ने बताया कि जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं में अभी तक कोई सुधार नहीं आया है यहां तक कि अस्पताल प्रशासन ज्यादा से ज्यादा मरीजों को हल्द्वानी को रैफ र अभी भी कर रहे है, इन्ही सभी बिन्दुओं के सम्बन्ध में उनके द्वारा उच्च न्यायालय के निर्देश पर शासन को पत्र भी लिखा है। कहा कि नैनीताल शहर की आबादी को देखते हुए तल्लीताल क्षेत्र में एक अस्पताल की अत्यन्त आवश्यकता है क्योंकि रैमजे अस्पताल के कार्य की स्थिति आज की तिथि में शून्य है। साह ने यह भी बताया है कि कुमाऊँ के पर्वतीय क्षेत्रों के अस्पतालों की दुर्दशा के कारण हल्द्वानी शहर में प्राईवेट अस्पतालों की बाढ़ सी आ गई है।

### शिविर में 245 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण




**हल्द्वानी।** पुनर्नवा महिला समिति की ओर से मोटाहल्दू जयपुर खीमा के जनमिलन केंद्र में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सुशीला तिवारी अस्पताल के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ.तितियाल, डॉ.एचपी पटेल, आयुर्वेद व प्राकृतिक चिकित्सक विशेषज्ञ डॉ.एसके पांडे, साई होलिस्टिक डेंटल केयर के डॉ.देवानंद गुप्ता व वरिष्ठ फिजियोथैरेपिस्ट डॉ.अंकिता चांदना ने लोगों के दिल की जांच, थायराइड, कोलेस्ट्रॉल, शुगर, गठिया एवं खून की जांच की। शिविर में नि:शुल्क दवा भी बांटी गईं। शिविर को संपन्न कराने में जयपुर खीमा की ग्राम प्रधान सीमा पाठक एवं उनके पति कीर्ति बल्लभ पाठक का पूर्ण सहयोग रहा। इस शिविर में गांव के लगभग 245 लोगों ने चिकित्सकों को दिखाया एवं परामर्श लिया। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि समिति की ओर से इस तरह के शिविर समय-समय पर लगाए जाते हैं। इस मौके पर समिति अध्यक्ष लता बोरा, सचिव शांति जीना, उपाध्यक्ष यशोदा रावत, प्रचार सचिव कल्पना रावत, उप सचिव मंजू बनकोटी, कोषाध्यक्ष अध्यक्ष जानकी पोखरिया, अंजना बोरा, निर्मला बहुगुणा, प्रेमा बृजवासी, रेखा रावत, कुसुम बोरा आदि मौजूद थे। इस बीच शिविर में सुशीला तिवारी के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ.तितियाल ने नेत्रदान भी करवाया। इस दौरान जिसमें डॉ.एसके पांडे, धर्मा, बबीता और पुनर्नवा महिला समिति की कोषाध्यक्ष जानकी पोखरिया ने नेत्रदान किए।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# प्राध्यापकों की विभिन्न मांगो को लेकर वार्ता

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के शिष्टमंडल न विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत से भेंट कर प्राध्यापकों की विभिन्न मांगो के संबंध में विस्तार से वार्ता की।

वार्ता से पूर्व कूटा के शिष्टमंडल ने कुलपति प्रो.रावत को पुष्प गुच्छ भेंट किया। शिष्टमंडल में शामिल पदाधिकारियों व सदस्यों ने कहा कि प्राध्यापकों का कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत प्रोन्नति की प्रक्रिया जल्दी से जल्दी संपन्न कराई जाए,साथ ही सहायक प्राध्यापकों के एडवांस इंक्रीमेंट लगाने हेतु लंबित प्रक्रिया पर त्वरित कार्यवाही की जाय तथा प्राध्यापकों तथा कर्मचारियों को राज्य सरकार की गोल्डन कार्ड योजना को लागू किया जाए तथा राज्य सरकार द्वारा जारी की सामूहिक बीमा योजना एवम बचत को लागू किया जाए जिसका शासनादेश जनवरी 2024 को ही हो गया था किंतु लंबित है । कूटा ने वर्ष के होने वाले शीत



एवं ग्रीष्म कालीन छुट्टी की संख्या कम करने पर कहा कि ई एल सुविधा लागू हो अथवा पूरी छुट्टियां दी जाए। कहा कि 10 साल प्रोफेसर हो चुके प्राध्यापकों को लेवल 15 दिए जाने की कार्यवाही शीघ्र संपन्न कराई जाय जिसे सभी केंद्रीय विश्वविद्यालय में लागू किया जा चुका है । कूटा ने आवास की रिपेयर कराने तथा स्पेशल कैजुअल लीव सहित अन्य शासनादेश लागू करने का अनुरोध कूटा ने किया । कूटा शिष्टमंडल में कूटा के अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी तथा महासचिव डॉ.विजय कुमार, उपसचिव डॉ. संतोष कुमार तथा डॉ. उमंग शामिल रहे।

# अभिमत



## आपदा को न्यौता

*सवाल यह उठता है कि जब जंगल के निकट कालोनियां विकसित होती हैं, तब वन विभाग और प्रशासन क्यों नहीं रोकता है? उत्तराखंड में जंगल की भूमि का अतिक्रमण सबसे अधिक है। सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले से ज्यादा नौकरशाही और सभी पार्टियों से जुड़े नेता जिम्मेदार हैं। वोट के लिए अवैध कार्य करने वालों पर नेताओं का वरदहस्त रहता है। वन विभाग के कर्ताधर्ता अपने चहेतों को जमीन पर कब्जे के लिए कहते हैं और भवन निर्माण होने तक अनदेखी करते हैं। अवैध रूप से बसी कालोनियों में सरकारी स्कूल, अस्पताल, बिजली के ट्रांसफार्मर, विद्युत पोल, पेयजल के नलकूप तथा आपूर्ति के लिए पाइप लाइन बिछाई जाती है।*

प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को राहत पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्र में हर मौसम में आपदा की चुनौती बनी रहती है। गर्मी में आग से जंगल धधकने लगते हैं। पिछली गर्मी में वनों की आग से हजारों पेड़ तथा जड़ी-बूटियों के पौधे नष्ट हो गये। जंगल की आग से दर्जनभर से अधिक लोगों की मौत हो गई। कई बार वन में लगी आग आबादी क्षेत्र तक पहुंच गई। प्रशासन ने आग पर काबू पाने के साथ ही पीड़ितों को राहत पहुंचाने में प्राथमिकता दी। मानसून के दौरान बादल फटने, भूस्खलन, नदियों में उफान से सड़क व पुल टूटने तथा मकान ढहने की घटनाएं होती हैं। प्रशासनिक अधिकारियों, वन विभाग, पुलिस, एसडीआरएफ तथा सेना द्वारा जान-माल की क्षति रोकने के साथ पीड़ितों को हरसंभव मदद पहुंचाई जाती है। उत्तराखंड में पिछले दो-तीन दशक में अनियोजित विकास से सरकारी जमीन पर कब्जा करके नई कालोनियां विकसित हो गई हैं। हल्द्वानी में बनभूलपुरा के करीब साढ़े चार हजार भवनों को ध्वस्त करने का मामला सुप्रीमकोर्ट में लंबित है। अब दमुवाढूंगा और जंगल के आसपास कालोनियों में हजारों लोग बस गये हैं। पहाड़ पर बारिश का पानी जंगल के नालों में मलवा बहाकर लाता है। कई बार नालों का पानी घरों में भर जाता है। नाले को पार करने पर वाहन बह जाते हैं। अनेक लोगों की मौत हो चुकी है। जंगल के किनारे बसे लोग सुरक्षा दीवार बनाकर नाले की बाढ़ से रक्षा की मांग कर रहे हैं, लेकिन यह मामला वन एवं पर्यावरण मंत्रालय का है। वन क्षेत्र में प्रशासन कोई भी निर्माण करने में असमर्थता जता रहा है। प्रशासन का यह कहना सही है। सवाल यह उठता है कि जब जंगल के निकट कालोनियां विकसित होती हैं, तब वन विभाग और प्रशासन क्यों नहीं रोकता है? उत्तराखंड में जंगल की भूमि का अतिक्रमण सबसे अधिक है। सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले से ज्यादा नौकरशाही और सभी पार्टियों से जुड़े नेता जिम्मेदार हैं। वोट के लिए अवैध कार्य करने वालों पर नेताओं का वरदहस्थ रहता है। वन विभाग के कर्ताधर्ता अपने चहेतों को जमीन पर कब्जे के लिए कहते हैं और भवन निर्माण होने तक अनदेखी करते हैं। अवैध रूप से बसी कालोनियों में सरकारी स्कूल, अस्पताल, बिजली के ट्रांसफार्मर, विद्युत पोल, पेयजल के नलकूप तथा आपूर्ति के लिए पाइप लाइन बिछाई जाती है। परोक्ष रूप से सरकारी विभाग भी भूमि के अतिक्रमण में बराबर के हिस्सेदार हैं। अतिक्रमण को रोका जाए तो आपदा की नौबत नहीं आये। सच यह है कि आपदा को न्यौता दिया जा रहा है, प्रकृति दोषी नहीं है।

# शहीद उत्तराखंड आंदोलनकारियों को दी श्रद्धांजलि

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



गांधी चौक तल्लीताल पर उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी क्रांतिकारी मोर्चा नैनीताल नगर इकाई एवम् नैनीताल पीपुल्स फोरम के तत्वाधान मे 1994 में उत्तराखंड आंदोलन में शहीद हुए खटीमा मंसूरी के शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान राज्य आंदोलनकारियों और नैनीताल नगर के वरिष्ठ नागरिकों ने गांधी प्रतिमा के समीप आयोजित सभा के माध्यम से उत्तराखंड आंदोलन के शहीदों को याद करते हुए कहा कि, जिन सपनों और आंकाक्षाओ को लेकर इस राज्य की लड़ाई लड़ी गई थी, और राज्य आंदोलन में 42 से ऊपर आंदोलनकारियों ने अपनी शाहदतें दी थी, आज राज्य निर्माण के 24 साल होने पर भी वह आज आधे अधूरे है। राज्य आंदोलनकारियों ने कहा कि आज देवो की देव भूमि कहलाने वाला उत्तराखंड राज्य बढ़ते हुए अपराधों और महिला उत्पीड़न की घटनाओं से दहला हुआ है, पूरे प्रदेश में आये दिन जिस प्रकार की घटनाएं सामने आ रही है, उससे पूरे उत्तराखंड की छवि पर एक कलंक लगता जा रहा है। राज्य आंदोलनकारियों और नैनीताल के वरिष्ठ नागरिकों ने आयोजित इस सभा में कहाँ कि ये राज्य हमने इस लिए नहीं मांगा था, कि ये अपराधों और महिला उत्पीड़न का गढ़ बनता जाये। राज्य आंदोलनकारियों ने प्रदेश सरकार को इन बढ़ते हुए अपराधों पर तुरंत अंकुश लगाये जाने की मांग की है। गांधी प्रतिमा के समीप आयोजित इस सभा में वक्ताओं ने कहा कि अगर इस प्रकार के अपराधों पर सरकार नियत्रंण नहीं करती है, तो विवश होकर उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों को राज्य की जनता को साथ लेकर सड़कों पर उतरना पड़ेगा। सभा में नैनीताल की वर्तमान परिस्थितियों में नैनीताल के पुराने हैरिटेज भवनों को धवस्त करके नये सरकारी निर्माण कार्या पर भी अंकुश लगाये जाने की मांग राज्य आंदोलनकारियों और नैनीताल के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा की गई कि अंत में दो मिनट का मौन धारण करके राज्य निर्माण में अपनी शहादत देने वाले राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गाधीं चौक में आयोजित इस सभा में पद्मश्री प्रोफेसर शेखर पाठक, पूर्व विधायक डा नारायण सिंह जंतवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता रमन साह, सैय्यद नदीम, मुन्नी तिवारी, लीला बोरा, भारती जोशी, चम्पा उपाध्याय, माया चिलवाल , गायत्री, दीपा जोशी, धना पांडे, बिमला पांडे, सलमा, शकुन्तला, राज्य आंदोलनकारी शाकिर अली, डा रमेश पांडे, मनमोहन सिंह कनवाल, गणेश सिंह बिष्ट, प्रकाश पांडे, इंदर सिंह नेगी, महेश जोशी, दिनेश उपाध्याय, मनोज सिंह बिष्ट, रहिस अहमद, भगवान पाठक, पान सिंह सिजवाली, तारा सिंह बिष्ट, कंचन चंदोला, डी एन भट्ट, वीरेन्द्र जोशी, गिरीश चंद्र जोशी, तारा सिंह बिष्ट, मुकुल कांडपाल, हेम चन्द्र वारियाल, सतीश आर्य, कृष्ण चन्द्र पांडे आदि उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी उपस्थित थे। सभा का संचालन नैनीताल पीपुल्स फोरम एवम् नैनीताल नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता कैलाश जोशी द्वारा किया गया।

## आरटीआई कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी

**हल्द्वानी।** कुमाऊं के आरटीआई कार्यकर्ताओं ने अधिवक्ता विकेश नेगी पर लगे गुंडा एक्ट को खारिज किये जाने पर खुशी जताई है। आरटीआई एक्टिवस्ट हेमंत गोनिया ने बताया कि बीती 25 जुलाई को दून पुलिस ने अधिवक्ता विकेश पर गुंडा एक्ट लगाया था।

साथ ही जिला बदर घोषित कर टिहरी सीमा में छोड़ा था। इधर आरटीआई क्लब देहरादून ने मंडलायुक्त गढ़वाल की न्यायालय में अपील कर अधिवक्ता विकेश पर लगे गुंडा एक्ट को निरस्त किये जाने की मांग की थी। मंडलायुक्त विनय शंकर पांडे ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आदेश को निरस्त कर दिया। इस फैसले का स्वागत करते हुए आरटीआई कार्यकताओं ने खुशी जताई है। खुशी जताने वालों में हेमंत गोनिया, अमित राणा, अजय गुप्ता, जगमोहन बगडवाल, प्रकाश चन्द आर्य, सुरेन्द्र सिंह नेगी, अमर सिंह जीना, प्रशान्त बिष्ट, प्रेमा राणा, कविता बिष्ट, रूपा अधिकारी, खष्टी बिष्ट आदि शामिल हैं।

## गोल्डी मेहंदी रचे मेरे हाथ प्रतियोगिता का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



लेक सिटी वेलफेयर क्लब की ओर से रविवार को नैनीताल में गोल्डी मेहंदी रचे मेरे हाथ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के जूनियर और सीनियर वर्ग में 430 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में मन्नत जबकि जूनियर वर्ग में रोजम ने पहला स्थान हासिल किया।

इससे पूर्व गोवर्धन हाल में प्रतियोगिता का शुभारंभ समाजसेवी आशीष बजाज ने दीप प्रज्वलित करते हुए उन्होंने लेक सिटी क्लब के प्रयासों की सराहना की,बोले कि आने वाले वर्षों में लेक सिटी वेलफेयर क्लब उत्तराखंड राज्य का एक प्रमुख क्लब होगा। कार्यक्रम के प्रायोजक डॉ. प्रमोद कुमार अग्रवाल गोल्डी ने बताया कि उनके प्रयासों से 15 वर्षो से प्रतियोगिता का आयोजन नैनीताल नगर में किया जाता रहा है। उनका प्रयास है कि बच्चों कोअपनी प्रतिभा निखारने के लिए मंच से मिले,जिससे उनकी प्रतिभा खुलकर सामने आ सके। कार्यक्रम की मुख्य संयोजक दीपिका बिनवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में द्वितीय स्थान काव्या पालीवाल एवं तृतीय स्थान दिया साह ने प्राप्त किया जबकि जूनियर वर्ग में सांत्वना पुरस्कार जागृति बिष्ट, राधिका जोशी, अनुष्का फ र्त्याल तथा आफ रीन को मिला,सीनियर वर्ग में द्वितीय स्थान रुही एवं तृतीय स्थान गुनगुन को मिला । इस वर्ग में सांत्वना पुरस्कार आंचल बिष्ट, स्वाति आर्या,दिशा,माला एवं पूनम को मिला। प्रतियोगिता की निर्णायक स्नेहा अग्रवाल एवं पायल गोयल थे। कार्यक्रम का संचालन सरिता त्रिपाठी ने किया।

लेक सिटी वेलफेयर क्लब के अध्यक्ष ज्योति ढौंडियाल एवं सचिव दीपा पांडे ने बताया कि अगले वर्ष प्रतियोगिता का आयोजन और अधिक बड़े स्तर पर में किया जाएगा जिसमें नैनीताल समेत भवाली, भीमताल एवं आसपास के क्षेत्र को भी सम्मिलित किया जाएगा।

कार्यक्रम में रानी साह, गीता साह,हेमा भट्ट, विनीता पांडे, जीवंती भट्ट, रमा भट्ट,लीला राज, आभा साह, सीमा सेठ प्रेमा अधिकारी,ज्योति वर्मा, रमा तिवारी, मीनाक्षी कीर्ति, नीरू शाह, दया कुंवर,कंचन जोशी, कविता जोशी,तुसी साह तथा रेखा जोशी उपस्थित रही।

# फिल्मी दुनिया

## अल्फा की शूटिंग पूरी कर वापस मुंबई लौटीं आलिया और शरवरी



*कश्मीर में जासूसी ड्रामा फिल्म अल्फा की शूटिंग खत्म करने के बाद अभिनेत्री आलिया भट्ट और शरवरी वाघ अब मुंबई वापस आ गई हैं। रविवार को उन्हें मुंबई एयरपोर्ट से बाहर निकलते हुए देखा गया। पैपराजी द्वारा कैद की गई तस्वीरों में आलिया अपनी बेटी राहा कपूर को गोद में लिए हुए दिखाई दे रही थीं, जो उनकी बाहों में गहरी नींद में सो रही थी। अपनी कार में बैठने से पहले, आलिया ने पैप्स की तरफ देखा और मुस्कुराई। वहीं, शरवरी ने भी पैप्स का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। इस दौरान दोनों अभिनेत्रियां कैजुअल एयरपोर्ट लुक में नजर आईं। कुछ दिनों पहले, उन्होंने कश्मीर शूट से एक सुंदर तस्वीर साझा की थी। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कश्मीर के प्राकृतिक दृश्यों वाली तस्वीर साझा की थी, जिसमें वह एक दूसरे के कंधे पर हाथ रखकर एक दूसरे को गले लगाते हुए और अपने हाथों से दिल का आकार बनाते हुए दिख रही हैं। तस्वीर में आलिया ने क्रीम जैकेट पहना हुआ था और स्लीक ब्लैक लेदर जैकेट पहने शावरी अपने आस-पास की शांत सुंदरता में डूबी हुई दिखाई दे रही हैं। पोस्ट के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा, 'लव, अल्फा', इस पोस्ट के साथ उन्होंने फिल्म का थीम म्यूजिक लगाया था।*

### आगे के सफर के बारे में

*हाल ही में इंस्टाग्राम पर, शरवरी ने निर्देशक शिव रवैल के साथ एक तस्वीर पोस्ट करके इस परियोजना के लिए अपना उत्साह जताया और आगे के सफर के बारे में अपनी एक्साइटमेंट जताई। अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा था, 'इससे बड़ा कुछ नहीं हो सकता! आज अपनी 'अल्फा' यात्रा शुरू करने के लिए बहुत उत्साहित हूं! मेरा विश्वास करें। मैंने इस पल को सुपर तैयार किया है, लेकिन मेरे पेट में तितलियां उड़ रही हैं। आपके विश्वास के लिए शिव रवैल सर का धन्यवाद! चलो चलते हैं! आपको बता दें कि अभिनेत्री शरवरी वाघ अपनी फिल्मों को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं।*

## निमित्त बूथ अध्यक्ष एवं बूथ समिति के सदस्यों के साथ बैठक

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

भाजपा नगर मंडल नैनीताल द्वारा रविवार को नगर के सात नम्बर शक्ति केन्द्र तारा हाल बूथ संख्या 79 में भाजपा सदस्यता अभियान (संगठन पर्व) के निमित्त बूथ अध्यक्ष एवं बूथ समिति के सदस्यों के साथ बैठक आहूत की।

बैठक में मुख्य वक्ता प्रो. ललित तिवारी ने सदस्यता अभियान के निमित्त सभी को जानकारी दी तथा अधिक से अधिक बूथों पर भाजपा के सदस्य बनाने हेतु सभी से आग्रह किया। मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट ने सभी से अधिक से अधिक भाजपा के सक्रिय सदस्य बनाने हेतु दिशा निर्देश दिए वहीं दूसरी ओर भाजपा के युवा नेता अरविंद सिंह पडियार ने सदस्यता अभियान में युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी हो उसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। बैठक में बूथ अध्यक्ष पुष्पा राणा समेत शक्ति केन्द्र संयोजक तारा राणा,प्रभारी भूपेन्द्र सिंह बिष्ट,प्रकाश कुमार,रोहित कुमार, चंद्र प्रकाश खन्ना,चंपा रेखाड़ी, हंसा रावत,हेमा वर्मा, विनोद कुमार,सुनील कुमार तथा बच्ची कुमार सहित सभी देवतुल्य कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।



# अब रात्रि 12 बजे बाद विवाह समारोह में भोजन नहीं परोसा जाएगा

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

विवाह समारोह संयुक्त व्यापार संघर्ष समिति की क्रिस्टल बैंकट हाल में एक बैठक समिति संयोजक नवीन पांडे सन्नू के नेतृत्व में आयोजित की गई। जिसमें प्रमुख रूप से विवाह समारोह में आ रही दिक्कतों के विषय में चर्चा की गई, जिसमें रात्रि 12 बजे बाद भोजन ना परोसने, इवेंट तैयार करने के बाद 90 प्रतिशत पैमेंट,और रात्रि 10 बजे के बाद बैंड नहीं बजाने जैसे प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित हुआ। जिसमें ग्राहकों से निवेदन किया गया है कि उक्त नियम आपके विवाह समारोह को ठीक प्रकार से समय पर संपन्न कराने हेतु ही उक्त निर्णय लिया गया है,जिससे भविष्य में



किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।बैठक में बैंकट हाल संरक्षक प्रकाश भट्ट, टैंट एसोसिएशन संरक्षक भोला दत्त भगत, केटरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष और विवाह समारोह सँयुक्त व्यापार संघर्ष समिति के सह संयोजक रूपेंद्र नागर ने अपने विचार रखे।कार्यक्रम का संचालन महानगर टैंट व्यापार एसोसिएशन के अध्यक्ष हर्ष वर्दधन पांडे ने किया, बैठक में स्टैंडर्ड स्वीट एवं कैटर्स के स्वामी प्रेम गुप्ता, सीन कैटर्स के स्वामी हमन सच्चर ,वी एस कैटर्स के स्वामी विजय बिस्ट, दीप कैटर्स के स्वामी परमजीत सिंह, खाना खजाना के स्वामी शिव कुमार,जय नन्दा बैंकट के स्वामी विमल तौलिया, हर्षिता बैंकट के स्वामी गोपाल भट्ट, वसुंधरा बैंकट के स्वामी योगेश रावत, रुद्राक्षी लॉन के स्वामी संजय अग्रवाल, शंकर कैटर्स के स्वामी लक्ष्मण सिंह, महानगर टैंट एसोसिएशन के महामंत्री लक्ष्मण सिंह बिस्ट, मनोज कपिल, चंदन साह, योगेश तिवाड़ी, राजू प्रजापति, आर पी कैटर्स के स्वामी रामप्रसाद, दीपक कन्याल,नंदकिशोर कर्नाटक, नवीन बोहरा, हेम क्युराहरीश दर्मवाल, मिलन बैंकट के स्वामी प्रमोद पलड़िया चंदन मेहता,हरिओम गुप्ता, प्रिंस कैटर्स के स्वामी राजू सती सहित सैकड़ों विवाह समारोह से संबंधित व्यापारी उपस्थित रहे।समिति द्वारा अगली बैठक 20 अगस्त को दोपहर 3 बजे क्रिस्टल बैंकट हाल में आयोजित करने और उक्त नियम को प्रशासन के समक्ष रख मजबूती से धरातल पर उतारने को तैयारी की है जिससे विवाह समारोह से संबंधित कार्य सही समय पर सफलतापूर्वक संपादित हो सकें।

## News कॉर्नर

### पेड़ लगाओ नैनीताल बचाओ अभियान के तहत पौधे लगाए

**नैनीताल।** जय जननी जय भारत की टीम द्वारा रविवार को पेड़ लगाओ नैनीताल बचाओ अभियान के तहत अरविंद आश्रम के आसपास व जंगलों में देवदार के पेड़ लगाए गए। यह पेड़ अनिता तिवाड़ी द्वारा जय जननी जय भारत टीम को उपलब्ध कराए गए थे। वही अनिता तिवाड़ी द्वारा प्रत्येक वर्ष टीम को पेड़ उपलब्ध कराती है। जय जननी जय भारत की टीम लगातार नैनीताल के विभिन्न क्षेत्रो में पेड़ लगाती आ रही है ओर लोगो को भी पेड़ लगाने था जंगलों को बचाने के लिए जागरूक करते आ रही है। इस दौरान मनोज साह जगाती,पार्थ बिष्ट,यशस्वी घुघतियाल, पाखी चम्याल, भावेश घुघतियाल, अनमोल आर्या,नवनीत कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### जंगल से घास लाने के दौरान महिला को लगा करंट, मौत

**अल्मोड़ा।** सोमेश्वर क्षेत्र के नारंटोली निवासी गंगा देवी की पेंसिल के जंगल से घास लाने के दौरान करंट लगने से मौत हो गई। सोमेश्वर क्षेत्र के नारंटोली निवासी गंगा देवी पत्नी आनंद बल्लभ की पेंसिल के जंगल से घास लाने के दौरान करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, महिला को जंगल से घास लाने के दौरान पोल से करंट लग गया। इस दौरान महिला शोर मचाते हुए जमीन पर गिर गई। शोर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और महिला को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

# महिला सुरक्षा में फेल होने का आरोप लगा भाजपा सरकार का पुतला फूंका

लालकुआं/हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन, भाकपा माले, किसान महासभा के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को कार रोड चौराहे पर प्रदर्शन कर महिला सुरक्षा पर पूरी तरह नाकाम भाजपा सरकार का पुतला फूंका।

इस दौरान उन्होंने सत्ताधारी पार्टी भाजपा के वरिष्ठ नेता मुकेश बोरा को गिरफ्तार कर जेल भेजने और पीड़ित महिला की सुरक्षा की मांग उठाई। अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन की संयोजक विमला रौथाण ने कहा कि महिला सुरक्षा कहां से होगी जब भाजपा के नेता खुद ही महिला उत्पीड़न में लिप्त हैं। पहले सल्ट और अब लालकुआं में सत्ताधारी भाजपा के नेता महिलाओं के उत्पीड़न और बलात्कार में लिप्त पाए गए हैं, यह बेहद घिनौना और शर्मनाक है। इससे पहले भी अंकिता मामले में भाजपा




का यही चरित्र सामने आया था। माले जिला सचिव कैलाश पाण्डेय ने कहा कि उत्तराखण्ड में भाजपा की सरकार बनने के बाद महिलाओं के प्रति अपराधों में भारी बढ़ोत्तरी हुई है, अपराधी तत्वों के हौंसले बुलंद हैं। राज्य की धामी सरकार की उदासीनता और असंवेदनशीलता इसके लिए जिम्मेदार है। महिला सशक्तिकरण और बेटी बचाओ के विज्ञापनों में अरबों रुपए खर्च करने वाली भाजपा सरकार महिलाओं के उत्पीड़न के लिए जिम्मेदार अपराधियों पर तत्काल कार्यवाही करने के बजाय उनको राजनीतिक संरक्षण दे रही है। पुतला फूंकने वालों में आनंद सिंह नेगी, निर्मला शाही, अनीता अन्ना, देवकी देवी, प्रेमा देवी, मेहरुन्निशा, ललित मटियाली, आइसा जिलाध्यक्ष धीरज कुमार, पुष्कर सिंह दुबड़िया, आनंद दानू, ललित जोशी, नैन सिंह कोरंगा, कमल जोशी, हरीश भंडारी, स्वरूप सिंह दानू, त्रिलोक राम, आनंद सिंह जग्गी, मोहित, उमेश कुमार आदि शामिल थे।

# मृतका नर्स का लूटा गया मोबाइल बरेली में टेंपो चालक से बरामद,जेल भेजा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

**कार्रवाई**

● हत्यारोपी धर्मेंद्र यह कह कर देकर गया था वह वापस ले जाएगा

पुलिस ने मृतका नर्स का मोबाइल बरेली से बरामद कर लिया। मोबाइल टेंपो चालक ने मिला। पुलिस ने उसे कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया। बता दें कि यूपी के डिबडिबा निवासी महिला शहर के फुटेला अस्पताल में बतौर नर्स थी। वह 30 जुलाई को लापता हो गई थी। आठ अगस्त को डिबडिबा क्षेत्र में उसका शव सड़ी गली हालत में बरामद हुआ था। पुलिस ने 14 अगस्त को बरेली निवासी धर्मेंद्र को गिरफ्तार जेल भेज दिया। मृतका का मोबाइल नहीं मिला था। पुलिस का दावा था कि हत्यारोपी ने लूट और दुष्कर्म के बाद नर्स की गला दबाकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने दो दिन की पीसीआर के बाद भी हत्यारोपी से मृतका का मोबाइल बरामद नहीं कर सकी थी। मृतका के पास दो मोबाइल थे। एक खुद व दूसरा उसकी बेटी का था। पुलिस के मुताबिक हत्यारोपी ने मृतका की बेटी वाले मोबाइल पर सिम लगाया था और सिम की डिटेल और ब्यौरे के आधार पर उसकी गिरफ्तारी हुई थी। हालांकि मृतका के परिजन पुलिस के खुलासे से संतुष्ट नहीं हैं। परिजन लगातार मामले की सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। विरोध प्रदर्शन व परिजनों के दबाव के चलते एसएसपी ने जांच 20 सदस्यीय एसआईटी कर रही है। एसपी सिटी व एसआईटी प्रभारी मनोज कत्याल ने बताया कि मृतका के मोबाइल के संबंध में सर्विलांस सेकुछ सुराग मिले थे । पुलिस ने लोकेशन के आधार पर बरेली से नर्स का मोबाइल बरामद कर लिया। उन्होंने बताया कि जिससे मोबाइल बरामद हुआ, वह टेंपो चालक है और उसका नाम विहारी लाल पुत्र लाला राम निवासी थाना शाही के तुरसापट्टी बरेली है।

# पीएम मोदी व सीएम धामी के प्रयास से उत्तराखंड को नई दिशा देगी इंडस्ट्रियल सिटी की सौगात:शुक्ला

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा किच्छा के खुरपिया में स्मार्ट इंडस्ट्रियल सिटी की सौगात देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व सीएम पुष्कर सिंह धामी ने आत्मनिर्भर भारत की बुनियाद में उत्तराखंड का मजबूत योगदान रख दिया है। उन्होंने किच्छा को मिली सौगात पर सीएम धामी का नागरिक अभिनंदन विराट रैली के माध्यम से करने का ऐलान किया।



रविवार को किच्छा आवास विकास स्थित कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान पूर्व विधायक शुक्ला ने कहा कि उत्तराखंड गठन के बाद तात्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने तात्कालिन मुख्यमंत्री एनडी तिवारी के प्रयास से सिडकुल बनाकर ऐतिहासिक कार्य किया था। उसके बाद इतना बड़ा औद्योगिक नगर बसाने का काम करने वाले मुख्यमंत्री धामी पहले मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहयोग से उत्तराखंड के लिए स्मार्ट सिटी के रूप में 1002 एकड़ जमीन को विकसित करने के लिए पैसा स्वीकृत करवाने का काम किया है। स्मार्ट इंडस्ट्रियल सिटी में 20 हजार करोड़ का निवेश होगा जिसके माध्यम से लगभग एक लाख युवाओं को रोजगार मिलेगा। पूर्व विधायक शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन के साये में 2047 में विकसित भारत बनाने के संकल्प की दिशा की तरफ दौड़ चला है। अब भारत को रोकना किसी के बस की बात नहीं है। मुख्यमंत्री धामी ने दलगत भावना से ऊपर उठकर स्व. नारायण दत्त तिवारी के नाम से सिडकुल का नामकरण कर उनकी प्रतिमा स्थापित कर मिसाल कायम करने का काम किया। इतना ही नहीं तराई के सबसे पुराने शहर किच्छा को एम्स, माडल डिग्री कालेज, हाईटेक बस अड्डे के बाद स्मार्ट इंडस्ट्रियल सिटी का तोहफा दिया है। जबकि कांग्रेस के लंबे शासन काल में किच्छा की घोर उपेक्षा हुई। पूर्व विधायक शुक्ला ने कहा कि सीएम धामी ने कार्यक्रम की सहमति दे दी है। किच्छा में नागरिक अभिनंदन कर उनका आभार व्यक्त करेगी। वार्ता के दौरान उनके साथ वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मराज जायसवाल भी थे।

### क्लीनिक के बाहर खड़ी बाइक चुराई

**हल्द्वानी।** ऑटो लिफ्टरों ने क्लीनिक के बाहर खड़ी बाइक चुरा ली। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस में की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर बाइक चोर की तलाश शुरू कर दी है। ग्राम लछमपुर (तारानवाड), पो. कुंवरपुर गौलापार निवासी राजेश भट्ट पुत्र रमेश चन्द्र भट्ट ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह बीती 31 अगस्त की सुबह वह अपनी पत्नी को लेकर रामपुर रोड स्थित एक क्लीनिक पर गया था। उसने अपनी स्पैलंडर मोटर साइकिल क्लीनिक के बाहर खड़ी कर दी। जब वह वापस आया तो उसकी बाइक गायब थी। पीड़ित ने बाइक बरामद की गुहार लगाई है।

# पति समेत अन्य ससुराल वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

पुलिस ने दहेज लोभी पति समेत अन्य ससुराल वालों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। यह कार्रवाई महिला हेल्प लाइन की रिपोर्ट के बाद कार्रवाई हुई है। थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र सौरमनगर वार्ड -8 रुद्रपुर निवासी सनिका सानिका बैरागी पत्नी राहुल बैरागी पुत्री अनुकूल मिस्त्री ने बताया कि वह इस समय मायके में रहीं है।

वह 7 माह की गर्भवती है। 31 जनवरी 2024 को राहुल बैरागी पुत्र विकास बैरागी निवासी ग्राम विजयनगर, चिन्ताफाडा, कालीनगर थाना दिनेशपुर के साथ हिन्दू रीति रिवाज से हुआ था। शादी में मायके वालों ने अपनी हैसियत से अधिक दहेज दिया। पति राहुल बैरागी,ससुर विकास बैरागी, सास-पार्वती बैरागी शादी के एक माह बाद से ही कम दहेज लाने के लिये परेशान करने लगे और दुकान खोलने के लिये 2 लाख रूपये मायके से लाने को कहा। ससुराल वालों पर गाली-गलौच व मारपीट करने का आरोप लगाया। पीड़िता ने असमर्थता जताई तो वह लोग अपनी जिद पर अड़े रहे। शारीरिक एवं मानसिक शोषण करते रहे। वह गर्भवती हो गयी। सास व ससुर पति से कहने लगे कि इसका गर्भ गिरा दें। दहेज की मांग पूरी नहीं कराती, यह मां नहीं बन सकेगी। आरोप है कि उसका गर्भपात करने के लिये कई प्रयास किये गये। उसके पेट में भी लात घूसों से तीनों ने प्रहार किये। उसे खाने को मोहताज रखा जाने लगा। आरोप है कि मारपीट कर घर से निकाल दिया। बताया कि 28 मई 24 को थाना दिनेशपुर में तहरीर दी। पीड़िता के मुताबिक कार्रवाई से बचने के लिये समझौता कर लिया। बाद में पति उसे किराये के मकान में लेकर रहने लगा। 15 दिन ही पति साथ रहा। उसके बाद उसे मकान में अकेला छोडकर चला गया। न किराया दिया और ना ही खर्चा दिया। वह 14 जुलाई 24 को कमरा खाली कर मायके में पहुंच गई। पीड़िता ने राहुल बैरागी, विकास बैरागी व पार्वती बैरागी के खिलाफ दहेज उत्पीडन करने एवं गर्भ में पल रहे शिशु को जान से मारने का प्रयास समेत शारीरिक, मानसिक शोषण करने का आरोप लगा कार्रवाई की मांग की। पीड़िता ने बताया कि मामला महिला हेल्प लाइन में चला। पुलिस ने पति,सास,ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# 3 और 4 सितंबर को पंजीकृत प्रवेशार्थियों को काउंसलिंग का मौका

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय में नवीनतम शैक्षणिक सत्र 2024-25 में चल रहे 4 वर्षीय इंटीग्रेटेड टीचर्स एजुकेशन प्रोग्राम के पाठ्यक्रम बीए-बीएड, बीकॉम-बीएड तथा बीएससी-बीएड में पंजीकृत समस्त प्रवेशार्थियों की प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया 31 अगस्त को समाप्त होने के उपरांत द्वितीय चरण की काउंसलिंग हेतु अब 3 व 4 सितंबर को मैरिट श्रेष्ठता सूची के आधार पर पंजीकृत प्रवेशार्थियों को काउंसलिंग हेतु अवसर प्रदान किया जा रहा है।

मामले में शिक्षा संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी ने




बताया कि राष्ट्रीय पात्रता एजेंसी एनटीए- 2024 से प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण ऐसे प्रवेशार्थी जो किन्हीं कारणों से कुमाऊं विश्वविद्यालय में आनलाइन पंजीकरण नहीं कर पाये थे उन्हें आफ लाइन पंजीकरण के माध्यम से मैरिट श्रेष्ठता सूची के आधार पर काउंसिलिंग/प्रवेश हेतु शामिल किया जाएगा। इस हेतु सभी प्रवेशार्थियों को उपस्थित होने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। अतः प्रवेशार्थी शहीद मेजर राजेश अधिकारी केंद्रीय पुस्तकालय कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के भूतल में संचालित आईटीईपी विभाग में 3 और 4 सितंबर को प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक के समय अंतराल में काउंसलिंग प्रवेश कराना होगा। प्रो.जोशी के मुताबिक इस हेतु प्रवेशार्थियों को अपने मूल प्रमाण पत्र व शिक्षण शुल्क के साथ आवश्यक प्रमाण पत्रों में एनटीए स्कोरकार्ड, हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की अंकतालिका तथा प्रमाण पत्र, आधार कार्ड व स्थाई निवास प्रमाण पत्र तथा जन्म प्रमाण पत्र तथा जन्म प्रमाण पत्र उपलब्ध न होने की दशा में हाईस्कूल का प्रमाण पत्र जन्म तिथि हेतु मान्य होगा। कहा कि जाति प्रमाण पत्र (एसटी,एससी व ओबीसी) ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र (संयुक्त प्रवेश परीक्षा में प्रस्तुत दावे के सापेक्ष)दिव्यांग प्रमाण पत्र (संयुक्त प्रवेश परीक्षा में प्रस्तुत दावे के सापेक्ष)स्थानान्तरण प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र तथा माईग्रेशन प्रमाण पत्र व मेडिकल प्रमाण पत्र, एंटी रैंकिंग सिद्धांत व्यावहारिक उपस्थिति, अनुशासन के अंतर्गत शपथ पत्र,चार पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ तथा रजिस्ट्रेशन स्लिप साथ में लाना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में प्रवेश पाना संभव नहीं होगा ।